भारत सरकार
Government of India
केन्द्रीय जल आयोग
Central Water Commission
बाढ़ पूर्वानुमान प्रबोधन निदेशालय
Flood Forecast Monitoring Directorate

Tele : 011-29583829, 29583545
e-mail : fmdte@nic.in, ffmcwc@gmail.com

भू तल, विंग 7 , पश्चिमी खण्ड–2,
रामाकृष्ण पुरम, नई दिल्ली–110066

विषय : दिनांक 23/10/2024 की समाचार की कतरन ( News Clippings ) प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में ।

मानसून/ बाढ़ सम्बन्धी समाचारों की कतरन ( News Clippings ) अवलोकन हेतु प्रस्तुत हैं :

संलग्न : उपरोक्तानुसार

23/10/2024
~~( सहायक निदेशक)~~ EAD (HM)

उपनिदेशक 23/10/2024

निदेशक (बा.पू.प्र.) 23/10/2024

नव भारत टाइम्स 23/10/2024

# बंगाल और ओडिशा में भारी तबाही मचा सकता है चक्रवात 'डाना', अलर्ट

विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चक्रवात 'डाना' और तूफान की आशंका के बीच मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि यह कई जिलों में विकराल रूप लेगा। यह तूफान 24 अक्टूबर की रात से 25 अक्टूबर की सुबह के बीच ओडिशा तट को पार कर पश्चिम बंगाल के तट पर पहुंच सकता है। इस दौरान हवा की गति 100 से 120 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार रविवार को दक्षिण अंडमान सागर में चक्रवात बन रहा है। यह चक्रवात मंगलवार तक बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो जाएगा। यह 24 अक्टूबर की रात को ओडिशा के तट के पास पहुंचेगा। इसे लेकर बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिला प्रशासन ने तटीय इलाकों के सभी बीडीओ और एसडीओ के साथ बैठक की है, सभी जगहों पर राहत सामग्री का स्टॉक कर दिया गया है। तटीय इलाकों में निगरानी की जाएगी। इसके अलावा मछुआरों को गहरे समुद्र में आगे जाने से रोकने के लिए चेतावनी जारी है। इस दौरान ओडिशा और पश्चिम बंगाल के अलावा पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश और झारखंड के कई जिलों में भी बारिश हो सकती है।



इंडियन कोस्ट गार्ड ने अपने जहाजों और विमानों को तैनात किया है।

## कर्नाटक में इमारत गिरी, 1 की मौत, 14 बचाए गए

भाषा, बेंगलुरुः बेंगलुरु पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश से प्रभावित है। कई इलाकों में बाढ़ आ जाने के कारण मंगलवार को राहत और बचाव की पांच टीमों को शहर में फंसे लोगों को निकालने के लिए तैनात किया गया। उत्तर बेंगलुरु को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है क्योंकि यलहंका में और आसपास के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। वहीं, बेंगलुरु के बाबूसापल्या में भारी



बारिश के बीच मंगलवार को एक निर्माणाधीन इमारत ढहने से एक मजदूर की मौत हो गई। वहीं, 14 को बचा लिया गया।

हिन्दुस्तान 23/10/2024



# बेंगलुरु में भारी बारिश का कहर, पांच लोगों की जान गई

बेंगलुरु में मंगलवार को बारिश से संबंधित घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। बारिश के कारण कई रिहायशी इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। अधिकारियों ने बुधवार को स्कूलों और आंगनवाडी केंद्रों में अवकाश घोषित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि भारी बारिश के बाद एक इमारत ढह जाने से तीन मजदूरों की मौत हो गई।

# पूर्वी तट की ओर बढ़ा चक्रवाती तूफान

भुवनेश्वर/कोलकाता, एजेंसी। बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र मंगलवार को गहरे अवदाब में बदलकर पूर्वी तट की ओर बढ़ गया है, जिसके गंभीर चक्रवाती तूफान में बदलने की संभावना है। यह ओडिशा, पश्चिम बंगाल में तबाही मचा सकता है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में भी इसका असर देखा जाएगा।

चक्रवाती तूफान के मद्देनजर किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटने के लिए तटरक्षक बल अलर्ट पर है। मौसम विभाग के मुताबिक, दबाव का क्षेत्र 23 अक्टूबर तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो जाएगा और 25 अक्टूबर की सुबह पुरी और बंगाल के तट पर पहुंचेगा। इस दौरान 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।